कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273

Accredited by NAAC with Grade "B"

दिनांक 09.11.2022

रक्तदान जागरुकता प्रतियोगिता

आज दिनांक 09.11.2022 को शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में संस्था प्रमुख डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के मार्गदर्शन एवं IQAC प्रभारी श्री विनय चौरे, सहायक प्राध्यापक के दिशा निर्देशन एवं रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में रक्तदान जागरुकता के संबंध में रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में रखा गया।

संस्था शिरोमणी डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने अपने अभिकथन में कहा कि रक्तदान को महादान कहा गया है। हम अपना रक्त दान करके किसी का अमूल्य जीवन बचा सकते है रक्तदान करना जन कल्याण का कार्य है क्योंकि हमारे द्वारा दान किया गया रक्त किसी के प्राणों की रक्षा करता है। अतः रक्तदान को सभी प्रकार के दानों में श्रेष्ट माना जाता है। रक्तदान के संबंध में अनेक भ्रांतियां फैली है। जिसके कारण लोग रक्तदान करने से डरते हैं। लेकिन रक्तदान करने से शरीर को कई फायदे हैं, जैसे रक्तदान करने से हार्ट अटैक की आशंका कम होती है। शरीर में ऑक्सीजन ठीक तरह से प्रवाहित होती है। व्यक्ति के वजन को संतुलित करता है।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक, डॉ. एच.एस. भाटिया, सहायक प्राध्यापक, श्री उष्यंत कुमार, श्री नरेन्द्र कुमार उमरिया, एवं समस्त छात्र–छात्राए उपस्थित थे।

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य